गॉड्स प्लान ये शब्द तक काफी चर्चा में आया था जब केकेआर ने आईपीएल 2024 का खिताब जीता था।
- रिंकू सिंह

भारतीय बल्लेबाज, अपने टेटू को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **विराट कोहली**

अगले महीने नवंबर से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का आगाज होना है। इस सीरीज के लिए दोनों ही टीमें तैयारी में जुटी हुई हैं। हाल ही में स्टार स्पोर्ट्स ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों से मौजूदा टीम इंडिया के सबसे बड़े स्लेज करने वाले खिलाड़ी के बारे में पूछा गया। इस दौरान कई खिलाड़ियों ने विराट कोहली का नहीं बल्कि ऋषभ पंत का नाम लिया।विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अक्सर अपने चुलबुले और मजाकिया अंदाज के लिए जाने जाते हैं।

क्या आप जानते हैं ?... श्रीलंका का गेंदबाज चमिंडावास बांग्लादेश के विरुद्ध मैच की पहली तीन गेंदों पर विकेट लेकर हैट्रिक बनाने वाला पहले गेंदबाज बने।

रोहित शर्मा पत्नी रितिका के साथ अबु धाबी में उठा रहे लुत्फ

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीतकर अबु धाबी में अपनी छुट्टियां मना रहे हैं। इसके बीच अबु धाबी में हो रहे एनबीए की उनकी कई तस्वीरें

वायरल हो रही हैं। बता दें कि, भारत और बांग्लादेश के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जानी है। लेकिन रोहित शर्मा इस सीरीज में नहीं खेलेंगे क्योंकि वह इंटरनेशनल टी20 क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। इस दौरान रोहित अपनी पत्नी रितिका के साथ हैं और उनकी महान फुटबॉलर गोलकीपर इकर कैसिलास के साथ एक तस्वीर भी वायरल हो रही है।अबू धाबी के एतिहाद एरिना में हो रहे एनबीए गेम में 4 अक्टूबर को डेनवर नगेट्स और बोस्टन सेल्टिक्स के बीच मैच था। इस दौरान रोहित अपनी पत्नी रितिका के साथ वहां मौजूद थे। एनबीए ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रोहित शर्मा की फोटो शेयर की। इसके साथ कैप्शन में लिखा कि, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले न्यूयॉर्क में एक खास मौके पर लैरी ओ ब्रायन ट्रॉफी से मुलाकात की। इसके बाद वे अबू धाबी में आयोजित एनबीए गेम्स में भी शामिल हुए।

इंदौर और ग्वालियर दोनों स्थानों पर करेंगे अंतर्राष्ट्रीय मैचों का आयोजन

ग्वालियर, 5 अक्टूबर। लगभग 14 साल के बाद ग्वालियर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच की मेजबानी के लिए तैयार है लेकिन नवनिर्मित स्टेडियम के तैयार हो जाने के बाद अब इस शहर को अंतरराष्ट्रीय

मैच के लिए इतना लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) के अध्यक्ष अभिलाष खांडेकर ने शनिवार को 'पीटीआई-भाषा' से बताया कि राज्य संघ इंदौर के साथ इस शहर में भी अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करेगा। अत्याधुनिक श्रीमंत माधवराव स्टेडियम का उद्घाटन जून में किया गया था जिससे यह बड़े क्रिकेट मैचों के लिए शहर का नया स्थल होगा।इससे पहले ग्वालियर में कैप्टन रूप सिंह स्टेडियम अंतरराष्ट्रीय मैचों की मेजबानी करता था। स्थानीय निगम द्वारा संचालित इस स्टेडियम की स्थिति खस्ता है। भारत-बांग्लादेश टी20 मैच से पहले खांडेकर ने कहा कि ग्वालियर एक समृद्ध क्रिकेट इतिहास वाला शहर है और इसलिए वह विश्व स्तरीय आयोजन का हकदार है।

मुंबई ने 27 साल बाद जीता ईरानी ट्रॉफी का खिताब

सरफराज खान बने प्लेयर ऑफ द मैच

लखनऊ, 5 अक्टूबर। मुम्बई ने पहली पारी में शानदान प्रदर्शन कर ली बढ़त के आधार पर 27 साल बाद ईरानी ट्रॉफी का खिताब अपने नाम कर लिया हैं। 222 रनों की उम्दां पारी खेलने वाले मुंबई के बल्लेबाज सरफराज खान को प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

पहले बल्लेबाजी करने के उतरी मुंबई को 37 रन पर तीन विकेट गवां कर सकंट में थी। हालांकि, अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर के बीच एक मजबूत साझेदारी ने पारी को संभाला। सरफराज खान की 222 रनों की पारी की बदौलत मुंबई ने 537 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में शेष भारत ने अभिमन्यु ईश्वरन (191) और ध्रुव जुरेल (93) रनों की पारियां खेली। हालांकि टीम 416 स्कोर पर सिमट गई। मुंबई ने दूसरी पारी में आठ विकेट पर 329 रन बनाए लिये थे तभी दोनों कप्तान ड्रॉ पर राजी हो गए।

मुंबई के युवा आलरांउडर तनुष कोटियान ने आज अपने कल के स्कोर 20रन से आगे धैर्यपूर्ण शुरुआत की। वह आठवें नंबर पर जब बल्लेबाजी करने के लिए आये उस समय मुंबई 125 के स्कोर पर अपने छह विकेट गवां चूकी थी। सुबह के सत्र में जल्द ही टीम का स्कोर आठ विकेट पर 171 रन हो गया।

इसके बाद भी कोटियान पिच पर जमे रहे। उन्होंने 135 गेंदों पर उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अपना दूसरा शतक पूरा किया। उन्होंने 150 गेंदों पर 10 चौके और आठ छक्के लगाते हुए (नाबाद 114) रन बनाए। इससे पहले उन्होंने अपना पहला प्रथम श्रेणी शतक नंबर-10 पर खेलते हुए बनाया था। पहली पारी में दोहरा शतक बनाने वाले सरफराज खान दूसरी पारी में विफल रहे और 17 रन पर सारांश जैन ने उन्हें पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद शार्दुल ठाकुर (2) भी सारांश जैन का शिकार बने। आठ विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने आये मोहित अवस्थी ने तनुष का बखूबी साथ निभाया और दोनों बल्लेबाजों ने नौवें विकेट के लिये रिकार्ड 158 रन जोड़े। मोहित अवस्थी ने 93 गेंदों में तीन चौके और एक छक्के की मदद से (नाबाद 51) रन बनाये।

शेष भारत की ओर से सारांश जैन ने छह विकेट लिये। मानव सुथार ने दो बल्लेबाजों को आउट किया। ईरानी ट्रॉफी में एक मैच ही खेला जाता है। नियम के अनुसार मैच ड्रॉ रहने पर विजेता का फैसला पहली पारी की बढ़त के आधार पर किया जाता है।

हार्दिक के निशाने पर कई रिकॉर्ड

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर। टीम इंडिया रविवार से बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी20 मैचों की सीरीज के लिए मैदान पर उतरेगी। रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारत ने बांग्लादेश को दो मैच की टेस्ट सीरीज में 2-0 से हराया। इसके अब सूर्यकुमार यादव की अगुवाई में टीम इस लय को बरकरार रखने की उतरेगी।

भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या श्रीलंका के खिलाफ अगस्त में हुई टी20 सीरीज के बाद पहली बार टीम के लिए खेलते हुए नजर आएंगे। वहीं हार्दिक के सामने टी20 सीरीज के दौरान एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम करने का बड़ा मौका होगा।हार्दिक पंड्या के पास युजवेंद्र चहल द्वारा बांग्लादेश के खिलाफ टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है। बांग्लादेश के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल में हार्दिक ने 6 विकेट लिए हैं। अगर वह इसी सीरीज में चार विकेट लेने में कामयाब हो जाते हैं तो वह भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे। वह बांग्लादेश के खिलाफ 10 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बनेंगे।

साथ ही इस लिस्ट में दीपक चाहर का नाम भी शामिल है। दीपक ने आठ विकेट लिए हैं, वॉशिंगटन सुंदर के नाम 7 और अश्विन ने 6 विकेट झटके हैं। हार्दिक पंड्या ने अंतर्राष्ट्रीय टी20 में 86 विकेट लिए हैं। उनके पास भुवनेश्वर कुमार को पीछे छोड़ने का सुनहरा मौका है। वहीं भुवनेश्वर कुार टी20 में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। हार्दिक के पास भुवनेश्वर को पीछे छोड़ने के लिए सिर्फ पांच विकेट चाहिए। अगर हार्दिक इस सीरीज में 11 विकेट अपने नाम करते हैं तो वह युजवेंद्र चहल को पछाड़ कर टी20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन जाएंगे।

भारत-बांग्लादेश के पहले टी-20 मैच पर बारिश का साया

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर। 6 अक्टूबर से भारत और बांग्लादेश के बीच टी20 सीरीज का आगाज होना जा रहा है। ग्वालियर के न्यू माधवराज सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में पहला मैच खेला जाएगा। टेस्ट सीरीज जीतकर आ रही भारतीय टीम को कोशिश टी20 सीरीज की जीत के साथ शुरुआत करने पर होगी।कानपुर में खेले गए दूसरे और निर्णायक टेस्ट मैच में बारिश बाधा बनी थी। बारिश के कारण दूसरे और तीसरे दिन तो एक गेंद तक नहीं फेंकी जा सकी थी। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या ग्वालियर में होने वाले पहले टी20 मैच में भी बारिश बाधा बनेंगी?

एक्यूवेदर की रिपोर्ट के मुताबिक, 7 अक्टूबर को ग्वालियर का मौसम साफ रहेगा। सुबह धूप खिली रहेगी, लेकिन शाम होते होते मौसम में थोड़ी नमी देखने को मिलेगी। अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस रहेगा। दोपहर में गर्म हवाएं चलेंगी, लेकिन शाम होते होते ये हल्की ठंडी हो जाएंगी।

मैच के दौरान तापमान 25 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। शाम के समय हल्की हवाएं भी चल सकती हैं, जिसका असर मैच में पड़ सकता है। ह्यूमिडिटी का लेवल 71 प्रतिशत होगा, जिससे थोड़ी असुविधा हो सकती है। हालांकि, मैच के दौरान बारिश की कोई संभावना नहीं है। बादल भी नहीं छाए रहेंगे, विजिबिलिटी अच्छी रहेगी, जिससे खेल में कोई बाधा नहीं आएगी।

भारत और पाक के बीच भिड़ंत

भारतीय महिला टीम को रहना होगा सतर्क

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में टीम इंडिया का विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2024 में आगाज अच्छा नहीं रहा। भारत को पहले ही मुकाबले में न्यूजीलैंड के हाथों करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस हार से टीम इंडिया को पॉइंट्स टेबल में भी भारी नुकसान उठाना पड़ा है। भारत का नेट रन रेट-2.900 हो गया है। अब टीम इंडिया को आगामी सभी मुकाबलों में जीत हासिल करनी होगी।

यहां से एक मैच में भी हार टीम इंडिया को टूर्नामेंट से बाहर कर सकता है। भारत को रविवार को पाकिस्तान से भिड़ना होगा जिसमें उसे हर हाल में जीता दर्ज करनी होगी।फिलहाल, विमेंस टी20 वर्ल्ड कप में भारत अपना दूसरा मुकाबला रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई में टीम इंडिया का रिकॉर्ड पाकिस्तान के खिलाफ बेहतरीन रहा था, लेकिन क्रिकेट में कब क्या हो जाए कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसे में अगर भारत उलटफेर का शिकार होता है तो उसका खामियाजा उसे टूर्नामेंट से बाहर होकर उठाना पड़ेगा।

दरअसल, भारत के ग्रुप में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया भी है और इस टीम के खिलाफ क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में भारत का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। ऐसे में भारत को पाकिस्तान और ग्रुप की एक और अन्य टीम श्रीलंका के खिलाफ ना सिर्फ मैच जीतना होगा, बल्कि बड़े अंतर से विपक्षी टीम को धूल चटानी होगी ताकि टीम के नेट रन रेट में भी सुधार आ सके।

वहां भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ टी20 क्रिकेट में खेले 15 में से 12 मुकाबले जीते हैं। जिन तीन मुकाबलों में पाकिस्तान ने भारत को हराया है उसमें दो वर्ल्ड कप मुकाबले हैं।

दिव्यांशी और सूरज शर्मा ने महिला और पुरुष वर्ग में निशानेबाजी में जीते स्वर्ण पदक

लीमा, 5 अक्टूबर। भारतीय निशानेबाज दिव्यांशी ने महिलाओं की 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा में और सूरज शर्मा ने पुरुषों की स्टैंडर्ड वैरिएशन स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इसी के साथ पेरू के लीमा में आयोजित आईएसएसएफ जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2024 में पदक तालिका में शुक्रवार को भारत के पदकों की संख्या 21 हो गई। इस चैंपियनशिप में भारतीय पिस्टल निशानेबाजों ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धाओं में पांच और पदक जीते, जिसमें दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य शामिल रहे।

कर्स्टन स्वदेश लौटे, पाक के सीमित ओवरों के कप्तान के नाम की घोषणा में विलम्ब

नई दिल्ली, 5 अक्टूबर। सीमित ओवरों के प्रारूप के लिए पाकिस्तान के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन चैम्पियंस कप में पाकिस्तान के खिलाड़ियों की स्थिति का आकलन करने और देश में क्रिकेट की स्थिति पर चयनकर्ताओं तथा बोर्ड अधिकारियों के साथ कई बैठकों के बाद अपने देश दक्षिण अफ्रीका लौट गये। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस महीने के अंत में सफेद गेंद प्रारूप में कप्तान बाबर आजम के उत्तराधिकारी की घोषणा करेगा। बोर्ड के एक अधिकारी ने बताया, "कर्स्टन ऑस्ट्रेलिया, जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका में सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए 29 अक्टूबर को सीधे मेलबर्न में पाकिस्तान टीम से जुड़ेंगे।" पाकिस्तान को नवंबर-दिसंबर में इन तीन देशों में कुल 18 मैच (नौ वनडे और इतने ही टी20 मैच) खेलने हैं, जिसकी शुरुआत चार नवंबर को मेलबर्न में पहले वनडे से होगी।

युगांडा का फुटबॉल में भविष्य उज्जवल-इन्फेंटिनो

कंपाला, 5 अक्टूबर। फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने युगांडा में फुटबॉल विकास की सराहना करते हुए कहा वह उज्जवल भविष्य की ओर बढ़ रहे है।

राजधानी

रिवर्स बोरवेल वर्षा जल संरक्षण के लिए क्रांतिकारी साबित होंगे : दिया कुमारी

जल संरक्षण के लिए उपमुख्यमंत्री की अभिनव पहल

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में ज्वाला माता मंदिर चौराहे नाड़ी का फाटक के पास जल भराव की समस्या के समाधान एवं वर्षा जल संवर्धन के तैयार किए जा रहे गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग बोरवेल का शिलान्यास किया।

शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष बहुत बारिश हुई है, लेकिन वर्षा जल सड़कों पर बह गया। कई स्थानों पर जलभराव की भयंकर समस्या सामने आयी। हमारा कर्तव्य बनता है कि हम बरसात के पानी की एक एक बूँद को सहेजे और संचित करें और उसे पुन: धरती माता की गोद तक पहुँचाने का प्रयास करें। इसी कड़ी में यह रिवर्स बोरवेल करवाए जा रहे हैं।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को विद्याधर नगर में ज्वाला माता मंदिर चौराहे पर नाड़ी का फाटक के पास जल भराव की समस्या के समाधान एवं वर्षा जल संवर्धन के तैयार किए जा रहे गए रेन वाटर हार्वेस्टिंग बोरवेल का शिलान्यास किया।

जल भराव क्षेत्र में 10 इंच का बोरिंग किया गया है। इसमें 6 इंच का केसिंग का पाइप डाला जाएगा जिसके चारों और रोड़ी और ग्रैवल भरी जाएगी। इसके ऊपर एक चैम्बर का निर्माण किया जाएगा ताकि कचरा अंदर नहीं जाये। बरसात के समय भराव क्षेत्र में आने वाला पानी इस चैम्बर के माध्यम से पाइप के चारों और भरी रोडी/ग्रेवल के माध्यम से फिल्टर होकर ये पानी पाइप में किए गए छिद्रों के माध्यम ज़मीन के अंदर जाएगा। जिससे ग्राउंड वॉटर रिचार्ज होगा।बरसाती पानी सीधा जाकर ग्राउंड वॉटर से नहीं मिले इसलिए ज़मीन के अंदर डाले गए पाइप को ग्राउंड वॉटर से ऊपर रखा गया है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जल संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों में यह संभवत: प्रदेश में अपनी तरह का पहला मामला है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में टेस्ट किया जा रहा है। यदि यह प्रोजेक्ट सफल होता है तो अन्य जल भराव के क्षेत्रों में भी इस प्रकार की संरचनाएं विकसित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में इस तरह के पाँच रिवर्स बोरवेल तैयार करवाए जा रहे हैं।

इस दौरान सूरत नगर निगम के चेयरमैन दिनेश राजपुरोहित, नगर निगम ग्रेटर जयपुर की चेयरमैन रश्मि सैनी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

उप मुख्यमंत्री बैरवा के बचाव में उतरी भाजपा

- **निरंतर जनसेवा कर रहे उपमुख्यमंत्री बैरवा के विषय में सफेद झूठ बोलकर अफवाह फैला रहे हैं : किरोड़ी लाल**
- **भाजपा का हर नेता पाक साफ है : राठौड़**

जयपुर। उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा पर लगभग एक सप्ताह से चल रहे विवाद पर अब भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व डॉक्टर किरोडी लाल मीणा ने भी ट्वीट कर उनके पक्ष में कहा है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही चर्चाओं और कांग्रेस की ओर से उठाए गए सवालों पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि किसी का चरित्र हनन करना ठीक नहीं है। यह हल्की राजनीति है. इस तरह की राजनीति से राजनेताओं को बचना चाहिए। जहां तक कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता की बात है तो वो एक महिला हैं, उन्हें भी इस तरह से निचले स्तर पर उतर कर हल्की राजनीति नहीं करनी चाहिए। मदन राठौड़ ने कहा कि इस तरह के मामले में कोई भी भाजपा का नेता शामिल नहीं है और न ही किसी का कोई लेना देना है। यह सिर्फ चरित्र हनन का काम किया जा रहा है। यह बहुत हल्की राजनीति है। इस तरह की हल्की राजनीति पर किसी को उतरना नहीं चाहिए। किसी भी व्यक्ति के चरित्र को लेकर इस तरह से बयानबाजी करना ठीक नहीं है।

चर्चाओं का फैलना, भ्रम फैलाना, छवि खराब करना, इससे राजनेताओं को बचना चाहिए, जहां तक उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा की बात है तो मैंने भी सोशल मीडिया पर पढ़ा है। ऐसे में यह साफ नहीं है कि किसके लिए लिखा गया है, लेकिन जिसके पास कोई काम नहीं होता है, वो इसी तरह की बातें करता है। जिन बातों का कोई हाथ पैर नहीं होता है, उनको आसमान में छोड़ दिया जाता है।

इस तरह की कोई बात हुई ही नहीं है। ऐसे में सिर्फ हवा में बातें की जा रही है, जहां तक कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता की बात है तो वो एक महिला हैं। उन्हें इस तरह से निचले स्तर पर आकर राजनीति नहीं करनी चाहिए। यह अच्छी राजनीति नहीं है।

उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा से सफाई के मामले पर मदन राठौड़ ने कहा कि उनके पास पार्टी के एक-एक नेता और कार्यकर्ता के बारे में जानकारी होती है। ऐसे में जो अफवा फैलाई जा रही है, उससे पार्टी के किसी भी नेता का कोई वास्ता नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि वो अधिकृत और जिम्मेदारी के साथ यह कहते हैं कि किसी भी भाजपा के नेता का इससे कोई लेना- देना नहीं है। यह केवल कपोल कल्पित बातें हैं। इस तरह के अफवाह फैलाकर छवि खराब करने का षड्यंत्र किया जा रहा है। देश और राजस्थान की राजनीति में इस तरह से किसी के चरित्र का हनन करना सही नहीं है। राजनीति हमेशा सिद्धांतों और विचारधारा की होनी चाहिए।

वही डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि निरंतर जनसेवा कर रहे उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा के विषय में सफेद झूठ बोलकर अफवाह फैला रहे हैं। ऐसा करने वाले समाज और प्रदेश की राजनीति को दूषित कर रहे हैं। मैं ऐसी निंदित व कुत्सित राजनीति करने वालों की भर्त्सना करता हूं। ये भूता: विघ्नकर्तारस्ते नश्यन्तु शिवाज्ञया।

आगामी विधानसभा उपचुनावों में सभी सीटों पर खिलेगा कमल : मदन राठौड़

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश के आगामी उप चुनावों को लेकर पूर्ण रूप से तैयार है। भाजपा ने अपने कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में लगा दिया है। भाजपा "हर कार्यकर्ता को काम और हर काम के लिए कार्यकर्ता" के ध्येय वाक्य पर निरंतर कार्य कर रही है। ऐसे में संगठन स्तर से आगामी सभी विधानसभा उपचुनावों को लेकर रणनीति तैयार कर ली गई है। भाजपा अपनी सीट पर तो जीत दर्ज करवाएगी ही, वहीं कांग्रेस से उनकी सीट छीन लेंगी और सभी 7 सीटों पर कमल खिलेगा।

राठौड़ ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के द्वारा दिए जा रहे बयानों पर कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार लगातार जनहितैषी कार्य कर रही है। भाजपा सरकार मजबूत, सुदृढ़ और अपने एजेंडे पर कार्य करनी वाली सरकार है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को अपनी पार्टी को संभालना चाहिए। कांग्रेस की हो रही दुर्गति को संभालने की बजाए डोटासरा ताक झांक कर रहे है यह अच्छी आदत नहीं है।

किसान विकसित भारत का बड़ा आधार : नरेन्द्र मोदी

- **राज्य सरकार ने किसान कल्याण के लिए उठाए कई महत्वपूर्ण कदम : भजनलाल शर्मा**

जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि केन्द्र सरकार की हर नीति और निर्णय विकसित भारत को समर्पित हैं। विकसित भारत का बहुत बड़ा आधार हमारे किसान हैं, इसलिए केन्द्र सरकार देश के किसानों के हित में नित नई योजनाएं संचालित कर रही है और महत्वपूर्ण फैसले ले रही है।

प्रधानमंत्री मोदी शनिवार को महाराष्ट्र के वाशिम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम किसान) योजना की 18वीं किस्त जारी करने तथा कृषि एवं पशुपालन से संबंधित विभिन्न नवीन पहलों के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भी जयपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास से राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के साथ वीसी के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आज कृषि विकास से जुड़ी कई परियोजनाएं एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर राष्ट्र को समर्पित किए गए हैं। इनसे कृषि उत्पादों के स्टोरेज, प्रोसेसिंग और प्रबंधन की क्षमता बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त के रूप में देश के 9 करोड़ 40 लाख से अधिक किसानों के खातों में करीब 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इस योजना के तहत किसानों के खातों में प्रतिवर्ष 2-2 हजार रुपये की तीन समान किस्तों के रूप में 6 हजार रुपये जमा किए जाते हैं। योजना के तहत अब तक 3.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जारी की जा चुकी है। मोदी ने इस अवसर पर पशुपालन विभाग की दो योजनाएं स्वदेशी बोवाइन सीमेन सेक्स्ड सोर्टिंग टेक्नोलोजी एवं जीनोटाइपिंग चिप भी राष्ट्र को समर्पित की। उन्होंने कृषि विकास हेतु कृषि अवसंरचना कोष की 1929 करोड़ की लागत से बनी 7519 परियोजनाओं तथा 1300 करोड़ रुपये से अधिक के कुल व्यवसाय के साथ पंजीकृत 9200 एफपीओ राष्ट्र को समर्पित किए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र को भी कई सौगातें दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार किसानों के हित में निरन्तर कल्याणकारी फैसले कर रही है। केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से राज्य के किसान लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से प्रेरणा लेकर राज्य सरकार द्वारा भी किसान कल्याण की दिशा में कई कदम उठाए गए क्योंकि किसान की समृद्धि से ही विकसित एवं खुशहाल राजस्थान का सपना साकार होगा। शर्मा ने कहा कि राज्य के किसानों को पीएम किसान योजना के 6 हजार रुपये के अतिरिक्त मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत 2 हजार रुपये प्रतिवर्ष दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में गेहूं के 2275 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के ऊपर 125 रुपये का बोनस प्रदान कर 2400 रुपये प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीद की गई है। प्रदेश में 10 हजार सौर ऊर्जा संयंत्रों, 41 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल में ड्रिप और मिनी स्प्रिंकलर तथा 44 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल में स्प्रिंकलर संयंत्रों की स्थापना की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़ी संख्या में नए कृषि कनेक्शन, किसानों को बिजली के बिलों में अनुदान, अल्पकालीन फसली ऋण का वितरण तथा कस्टम हायरिंग केन्द्रों की स्थापना जैसे निर्णय भी किसानों के उत्थान में महत्वपूर्ण निर्णय हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने तथा प्रदेश को बिजली सरप्लस राज्य बनाने के लिए 2.24 लाख करोड़ के एमओयू किए गए हैं।